तापमान

अधिकतम 28.6 डिग्री

न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025



11 कीचड़युक्त सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत





12 हर रास्ता अब विकास की ओर, जगदलपुर को मिलेगा नया...






## खबर संक्षेप



### मंदिर में हुआ पंच कुण्डीय रूद्र चंडी महायज्ञ

**जगदलपुर।** शहर के मोतीतालाब पारा मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति द्वारा मंदिर में पंच कुण्डीय रूद्र चंडी महायज्ञ पूरे विधि विधान से किया गया। पांच यज्ञ कुंड का निर्माण मंदिर परिसर में किया गया। प्रत्येक दिन पूजन का प्रारम्भ मंडल पूजन के पश्चात रुद्राभिषेक दूध, दही, घी, गंगाजल, शहद, चमेली तेल, इत्र, जल, आदी से अभिषेक कर सिंदूर, पुष्प, चंदन, बेलपत्र से महादेव का श्रृंगार कर शेष पेज 10 पर

### सड़क हादसे में घायल युवती की उपचार के दौरान मौत



**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र स्थित गीदम रोड में हुए सड़क हादसे में घायल युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में तीन और लोग घायल हो गए थे जिन्हे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक गुरूवार दोपहर डिमरापाल मेडिकल कॉलेज की ओर से आ रहे कार चालक फायनल ईयर के स्टूडेंट भोजराज साहू द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दो बाईक को शेष पेज 10 पर

# आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की समस्त योजनाओं का मिले समुचित लाभ : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रशिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से भी जोड़ें

सुकमा जिले के सुदूर क्षेत्र के आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत राजमिस्त्री, कृषि उद्यमी और अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया। इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर जीवन मिला । लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके। उपमुख्यमंत्री ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आाधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने की बात कही। वहीं पुनर्वास केन्द्र में उनके दैनिक दिनचर्या से अवगत होकर और भी गतिविधियों को शामिल कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आवश्यक पहल करने, एक्सपोजर विजिट शेष पेज 10 पर

### पुनर्वास केन्द्र सुकमा में आत्मसमर्पित नक्सलियों से उप मुख्यमंत्री ने किया संवाद




**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सचिव पंचायत विभाग भीम सिंग, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी.सुंदरराज, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेल लाइन दोहरीकरण निर्माण में की गई लापरवाही के चलते हुई लैंड स्लाइड


*दोहरीकरण कार्य के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में कांक्रीट दीवार नहीं बनने से पहाड़ से मलबा पटरी पर समाया*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पटरी के ऊपर से मलबा हटाया गया,अस्थाई ओएचई काम जारी

कोरापुट रेल सेक्शन के मल्लिगुड़ा-जरटी के मध्य जिस जगह पर तीन दिन पहले बुधवार को लैंड स्लाइड की घटना हुई थी और लगभग एक विशाल मिट्टी का मलबा पटरी के ऊपर समा जाने से रेल यातायात बाधित हुई है। उस स्थल में एक ओर पहाड़ तो दूसरी ओर 200 फीट गहरी खाई है। लैंड स्लाइड घटना के पीछे कोरापुट रेल कॉन्ट्रेक्शन डिपार्टमेंट की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल जिस स्थल पर भूस्खलन हुआ वहां रेल दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। कार्य स्थल पर देखने से लापरावाही का खुलासा स्पष्ट दिख रहा है। पहाड़ क्षेत्र में नई लाइन बिछाने मिट्टी समतलीकरण कार्य किया जा रहा है,लेकिन पहाड़ क्षेत्र में बारिश के दौरान लेंड स्लाइड घटना के लिए सुरक्षा के किसी तरह के उपाय नही किया गया। पहाड़ी क्षेत्र में करीब 300 मीटर लम्बी और 20 फीट ऊंची क्रांकटिंग दीवार का निर्माण किये बैगर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य किया जा रहा था। दोहरीकरण कार्य के लिए पहाड़ी क्षेत्र की बड़े क्षेत्रफल में खुदाई और समतलीकरण कार्य किया गया था। मिट्टी भुरभरी होने से बारिश में आसानी से धसकने का खतरा बना था।





ओडिशा के कोरापुट जिले में पिछले 4-5 दिनों लगातार बारिश होने से मिट्टी अपना स्थान छोड़ गई। बुधवार शाम लगभग 4 बजे उसी स्थल पर लैंड स्लाइड(भूस्खलन) की घटना हुई। इस घटना को रेल कंट्रक्शन डिपार्टमेंट कोरापुट से जोड़कर देखा जा रहा है। उप मुख्य अभियंता कंट्रक्शन रेल मंडल मुख्यालय को किया रिपोर्ट देंगे यह दिलचस्प होगा। बरहाल शुक्रवार को तीसरे शेष पेज 10 पर

# तस्करों से 13 किलो पेंगोलिन स्केल्स जप्त, आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दुलर्भ वन्य प्राणी पेंगोलिन की छाल की तस्करी करते पकड़ाए दो तस्कर

वन विभाग की टीम ने शहर के परपा क्षेत्र के एक घर में दबिस दे कर दो आरोपियों को 13 किलो विलुप्त प्रायः वन्य जीव पें गो लि न स्केल्स (छाल) के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। दोनों तस्करों को जेल भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश के बाद वन विभाग लगातार वन अपराध में लिप्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर रहा है। इसी सिलसिले में बस्तर वन मण्डल के अन्तर्गत मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन एवं बस्तर वनमण्डल के



वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देशन में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता एवं बस्तर वन मण्डल की संयुक्त टीम बनाकर प्राप्त सूचना के अनुसार जगदलपुर शहर के परपा क्षेत्र के एक घर में दबिस दे कर दो आरोपियों को 13 किलो विलुप्त प्रायः वन्य जीव पेंगोलिन स्केल्स (छाल) के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पकडे.गए आरोपियों से पूछताछ में यह ज्ञात हुआ कि दोनों आरोपी बीजापुर जिले के निवासी है तथा उन्होंने पामेड़ अभ्यारण तथा इन्द्रावती टाईगर रिर्जव अन्तर्गत आने वाले गांव पुजारीकांकेर एवं सेन्ध्रा आदि शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप



### खेत के पानी में डूबने से महिला की मौत

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुल्हाड़गांव की 35 वर्षीय महिला शीला मरकाम की खेत के पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार गुरुवार को शिला मरकाम गांव की महिलाओं के साथ गांव में ही खेत में काम करने गई थी। काम के दौरान शाम को करीब 5 बजे खेत का काम खत्म कर खेत के बगल में स्थित खेत में बाथरूम करने गई, जो काफी देर तक वापस नहीं आई। साथ में गई महिलाओं ने जाकर देखा तो वह सर के बल खेत में गिरी हुई थी। खेत में पानी भरा हुआ था,और उसका सर पानी में डूबा हुआ था, जिसे बाहर निकाले वह बेहोश थी। जिसे तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने मर्ग कायम मृतिका के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर विवेचना कर रही है।

### यादव समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**जगदलपुर।** बस्तर जिला यादव समाज जगदलपुर समुंद चौक के श्री कृष्ण मंदिर मे अध्यक्ष एवं कार्यकारी पद का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं बस्तर संभाग के सभी जिला अध्यक्ष, बस्तर जिला के सभी ब्लॉक अध्यक्ष और बस्तर जिला के सभी सदस्य भारी मात्रा में उपस्थित थे। बस्तर जिला यादव समाज के उपस्थिति में अध्यक्ष सुखमन यादव, उपाध्यक्ष रघुवंश यादव, सचिव लकी यादव, महिला विंग से महिला अध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा यादव, उपाध्यक्ष अनीता यादव, नगर अध्यक्ष रीता यादव, सचिव शीतल यादव, संरक्षक में विक्रम यादव, गजेंद्र यादव, शिव बालक यादव, निर्मल यादव, शांती यादव के रूप में शपथ लिया।

# मयूर डोंगर स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव, नवप्रवेशी बच्चों का किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र–छात्रओं का स्वागत पुष्प एवं तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुंदरबती सोरी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जयलाल नेताम, पूर्व जनपद सदस्य परमेश्वर नेताम, पंचायत बोरगांव की सरपंच श्रीमती लीलावती, उप सरपंच आशु राम कोर्राम, डोंगर उपसरपंच दिनकर कोराम, तथा बोरगांव के उपसरपंच भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्रचार्य मुकेश सैमसंग ने की।

## दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ





### ये रहे मौजूद

पूर्व सरपंच सोमनाथ सोरी, आनंद शाहा, राजू राम मरकाम, तिलक राम मौर्य, अरुण देवांगन जय मनी सोरी, सुनीता नाग, पद्मनी मरकाम, संस्था के प्राचार्य मुकेश सैमसंन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद खान यशवंत देवांगन हेमंत दे हार संजीव तालुकदार उमाकांत दीवान श्रीमती रीता प्रधान श्रीमती सुषमा पत्र सारिका कश्यप दुलेश्वरी दर्रो, इंद्र कुमार नाग, ललित साहू ,सुकालू मांडवी, भरत देवांगन प्रमानंद विद्या मंगलदाई बघेल चिड़ो सॉरी वह संकुल के सभी स्कूलों के छात्रएं।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा–अर्चना और दीप प्रज्वलन से की गई। तत्पश्चात अतिथियों ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र–छात्रओं को नई गणवेश, नवीन पाठ्यपुस्तकें, और साइकिलें प्रदान की गईं। यह वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं, अभिभावक, शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की भूरी–भूरी प्रशंसा की और इसे प्रेरणादायक बताया। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं स्टाफ ने सभी नवप्रवेशी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गढ़मिरी के आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और पंचायत भवन बदहाल, जिम्मेदार बेखबर

# टपकती छतों और गिरते प्लास्टर के बीच भविष्य गढ़ने को मजबूर नौनिहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

अलग खबर

बारिश के साथ जहां पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहा रही है, वहीं दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लाक के गढ़मिरी ग्राम पंचायत के लिए बारिश बच्चों के लिए मुसीबत बनकर बरस रही है। गढ़मिरी पंचायत के धुरवापारा और पूतमारका में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत बदतर हो चुकी है कि अब यह बच्चों के लिए खतरे का घर बन गई हैं। बरसात शुरू होते ही जर्जर भवनों की पोल खुल गई है। छत से टपकता पानी, दीवारों से उखड़ा प्लास्टर और दरवाजों की टूटी हालत बयां कर रही है कि इन भवनों की सुध लिए वर्षों हो गए हैं। मजबूरी में नौनिहालों को ऐसे जर्जर भवनों में बैठाया जा रहा है, जहां हर पल जान का खतरा बना रहता है। धुरवापारा के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को कुपोषण से लड़ने के लिए पूरक पोषण आहार दिया जाना चाहिए, वहां नमी और सीलन के चलते सारा भंडारण खराब हो रहा है। भवन में जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे बारिश का पानी कमरे में जमा होकर पूरे परिसर को दलदल में तब्दील कर देता है।



### भवनों की हालत खस्ता मना रहे शाला उत्सव

*विडंबना यह है कि इन खस्ताहाल भवनों के बीच शिक्षा विभाग शाला प्रवेश उत्सव मना रहा है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि भवन ही सुरक्षित नहीं हैं। पंचायत भवन की हालत भी कुछ अलग नहीं है। वहां भी दीवारों पर दरारें हैं, छतें सीलन से भर चुकी हैं और दरवाजे टूटे पड़े हैं। अब सवाल यह उठता है कि बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा देने का जिम्मा आखिर किसका है। शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग कब इन खस्ताहाल भवनों की मरम्मत करेंगे। जब तक इन प्रश्नों के उत्तर नहीं मिलते, तब तक गढ़मिरी के बच्चे इसी खतरे के साये में पढ़ाई करने को मजबूर रहेंगे।*

स्थिति केवल आंगनबाड़ी तक सीमित नहीं है। गांव की प्राथमिक शाला की हालत भी कुछ अलग नहीं है। एक कमरे में पानी इस कदर भर गया है कि वह तालाब जैसा दिखने लगा है। छत से लगातार प्लास्टर झड़ रहा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चे बेंच पर बैठकर किसी तरह शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षा के इस खंडहरनुमा केंद्र में डर और लाचारी बच्चों की आंखों से साफ झलक रही है। गांव के लोग भी अब इन हालातों को लेकर आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत और विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### किराए के भवन में लगाने के निर्देश

ऐसे केंद्रों में आंगनबाड़ी नहीं लगाकर किराये के भवन में आंगनबाड़ी लगाने के लिये निर्देश दे चुके हैं। साथ ही ऐसे भवनों की सूची मरम्मत के लिये जिला पंचायत सीईओ को भेजी गई है।

**-वरुण नागेश,**
कार्यक्रम अधिकारी जिला महिला बाल विकास दंतेवाड़ा

## बुनागांव प्राथमिक शाला के 4 विद्यार्थियों का एकलव्य और आदर्श विद्यालय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बुनागाँव की शासकीय जनपद प्राथमिक शाला के चार विद्यार्थियों ने एकलव्य मॉडल विद्यालय और आदर्श विद्यालयों में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र नेहल सोरी और छाया नेताम का चयन एकलव्य विद्यालय कोंडागांव, बुनियादी कन्या शिक्षा परिसर नारायणपुर एवं कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल बस्तर में हुआ है। वहीं, कन्हैया नाग और कोयंक नेताम को आदर्श विद्यालय फरसगाँव और बुनियादी बालक शिक्षा परिसर नारायणपुर में प्रवेश मिला है। विद्यालय के शिक्षक सूरज नेताम ने जानकारी देते हुए बताया कि इन विद्यार्थियों ने एक नहीं, बल्कि तीन–तीन प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कर जिले में एक मिसाल पेश की है। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है। संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने सभी चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता में शिक्षिका मोनिका साहू का भी विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने बच्चों को परीक्षा की तैयारी में सतत मार्गदर्शन दिया। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत के सरपंच छबी लाल नेताम और बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय परिवार व चयनित विद्यार्थियों के लिए हर्ष व्यक्त किया हैं। विद्यालय की यह उपलब्धि ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आई है।




### फरसगांव में दर्दनाक सड़क हादसा नाबालिग की मौके पर मौत, एक घायल

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपरा मुंडापारा के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक नाबालिक की मौके पर मौत हो गई वही एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर उपचार हेतु कांकेर रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार कांकेर जिले के ग्राम बासनवाही गड़ियापारा निवासी चंद्रहास मरकाम पिता राधेलाल उम्र 20 वर्ष, आशुतोष नेताम पिता बन्नू राम नेताम और मुकेश मरकाम पिता धनराज मरकाम उम्र 17 वर्ष यह तीनों बहीगांव बाजार गए थे, बाजार से तीनों बाइक में सवार होकर छिंदली जा रहे थे तभी कोपरा मुंडापारा चौक के पास स्कूल बस के साइड में टकराकर गिर गए।

## कोंडागांव में कुत्ते की जटिल कान सर्जरी सफल, पशु चिकित्सा सेवाओं में नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले में पशु चिकित्सा क्षेत्र में एक और उपलब्धि दर्ज की गई, जब कोंडागांव कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना के एक पालतू श्वान में कर्ण–रक्तस्राव की जटिल समस्या का सफल ऑपरेशन किया गया। यह शल्य चिकित्सा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कोंडागांव परिसर में संपन्न हुई।

सर्जरी का निर्देशन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ. एम.बी. सिंह द्वारा किया गया। सर्जिकल टीम में डॉ. ढालेश्वरी, डॉ. दीपिका सिदार, एवं डॉ. आरती मार्सकोले सम्मिलित थीं। तीनों चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से शल्य चिकित्सा पूर्णतः सफल रही। शल्य क्रिया के दौरान श्रीमती पल्लवी पटेल पशु परिचारिका का भी सहयोग रहा। सर्जरी के पश्चात कर्ण–रक्तस्त्राव से जुड़ी चिकित्सकीय जानकारी साझा करते हुए डॉ. सुरेन्द्र नाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह स्थिति कुत्तों के कानों में रक्त के एकत्र होने से उत्पन्न होती है, जो मुख्यतः सिर झटकने या बार–बार खुजली करने के कारण होती है। समय पर उपचार न होने पर इससे कान की बनावट में स्थायी विकृति आ सकती है, जिससे श्वान को दीर्घकालिक पीड़ा हो सकती है।



## एरला में 14 हजार की 19 लीटर अवैध शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के आबकारी वृत्त कोण्डागांव के अंतर्गत ग्राम एरला थाना माकड़ी में अवैध शराब संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्र में शराब जब्त की है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग आशीष कोसम के मार्गदर्शन में की गई।

जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने बताया कि 3 जुलाई को मुखबीर से प्राप्त अवैध शराब की सूचना पर आरोपी आशीष पाण्डे, पिता–पंचूराम पाण्डे, को अवैध शराब धारण करने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से कुल 19.320 बल्क लीटर, अन्य प्रांत उड़ीसा विदेशी मदिरा, बाजार मूल्य 14040 रूपये जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 36 के तहत प्रकरण कायम कर मामला विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान जिला आबकारी अधिकारी, डिगेश कुमार देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक मोरजध्वज साहू, सुरेश कुमार एवं आबकारी मुख्य आरक्षक नंदकिशोर बघेल, अशोक कुमार मण्डावी, कैलाश प्रसाद पाण्डे एवं वाहन चालक मंजीत एवं रविन्द्र पांडे उपस्थित रहे। आबकारी विभाग कोण्डागांव द्वारा अवैध शराब संबंधी शिकायत की सूचना प्रदान करने के लिए दूरभाष नंबर जारी की गई है।



## आज बाहुडा गोंचा पूजा विधान के साथ श्रीमंदिर लौटेंगे भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी

# 16 गांव ने भगवान श्रीजगन्नाथ को अर्पण किया आखिरी अमनिया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर गुडिंचा में शुक्रवार को 16 गांव के श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजगन्नाथ को अंतिम अमनिया भोग का अर्पण किया। इसके अलावा छह बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार व तुपकी निर्माताओं व समाज के वरिष्ठों का सम्मान किया गया। बस्तर गोंचा पर्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी के दर्शन-पूजन करने के लिए सिरहासार भवन स्थित जनकपुरी गुड़िचा मंदिर पहुचें। इस दौरान 35 परिवारों ने सत्यनारायण कथा का श्रवण किया। वहीं बस्तर गोंचा पर्व के तय कार्यक्रम के अनुसार करीतगांव क्षेत्र के 16 गांव करीतगांव, गुमडेल, परउगुड़ा, मालगांव, ढोडरेपाल, तारागुड़ा, उलनार, पीठापुर, बजावंड, टलनार, कुकड़ाबाही, पतरलसा,, छुरावण्ड, टेमरा, कोचियागुड़ा, सिरसी के श्रद्धालुओं ने रियासत कालीन परंपरानुसार आखिरी अमनिया भोग का अर्पण भगवान श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी को किया। इस दौरान लगभग 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रीजगन्नाथ के भात का प्रसाद ग्रहण किया। बस्तर गोंचा पर्व परायण की ओर अग्रसर है जिसके तहत शनिवार 5 जुलाई को आषाढ़ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को बाहुडा गोंचा रथयात्रा पूजा विधान के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी रथारूढ़ होकर गुड़िचा मंदिर-सिरहासार भवन से श्रीमंदिर लौटेंगे। श्रीमंदिर में भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के विग्रहों के पूजा विधान की परंपरानुसार नजर उतारा जावेगा तत्पश्चात कपाट फेड़ा पूजा विधान में लक्ष्मी-नारायण संवाद के बाद भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी श्रीमंदिर के गर्भ गृह में आगामी गोंचा पर्व तक के लिए स्थापित होंगे। बस्तर गोंचा पर्व की सबसे अनूठी पहचान तुपकी चलाकर भगवान जगन्नाथ स्वामी को सलामी देने की परंपरा का श्रद्धालु बाहुडा गोंचा रथयात्रा के दौरान भी निर्वहन करेंगे। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पांड़े ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व के तहत शनिवार को बाहुडा गोंचा रथयात्रा पूजा विधान के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी श्रीमंदिर लौटेंगे। रविवार 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी पूजा विधान के बाद देवउठनी एकादशी तक समस्त वैवाहिक आयोजनों पर विराम लग जायेगा। शुक्रवार को समाज के छह बटुकों का जनकपुरी में सामूहिक उपनयन संस्कार किया गया इसके साथ ही समाज के बुजुर्गों व तुपकी निर्माताओं का सम्मान भी किया गया।



## पेज 9 के शेष

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को...

कराकर बाहरी दुनिया का भ्रमण कराने रायपुर, जगदलपुर जैसे शहर ले जाने के निर्देश दिए। ज्यादातर लोग पढ़ाई नहीं किए है उनको साक्षर बनाने के लिए आवश्यक पहल करते हुए दिनचर्या में शामिल कर खेलकूद, मनोरंजन, देशभक्ति फिल्में दिखाने सहित उनको नियमित आमदनी के स्त्रोत हासिल हो सके उस दिशा विशेष प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को दिए।

### रेल लाइन दोहरीकरण...

दिन घटना स्थल पर जोर-शोर से सुधार कार्य किया जा रहा है। आज पूर्वान्ह 11 बजे पटरी के ऊपर जमा मलमा को साफ कर हटा दिया गया है। लेकिन ओएचई कार्य पूरा नही हुआ था। देर शाम 7 बजे तक लाइन क्लियर होने के संकेत है।

**तीसरे दिन भी 4 एक्सप्रेस, एक पैसेंजर के पहिये थमे रहेः** घटना के चलते केके लाइन में संचालित होने वाली 4 एक्सप्रेस वे एक पैसेंजर ट्रेन के पहिये आज तीसरे दिन भी थमी रही। जबकि समलेश्वरी एक्सप्रेस कोरापुट से हावड़ा चल रही है। वही जगदलपुर से पूरी रथयात्रा स्पेशल ट्रेन जो आज 4 जुलाई को जगदलपुर से पूरी चलना था,जो आज कोरापुट से पूरी के लिए रवाना हुई। जबकि किरन्दुल से विशाखपट्नम चलने वाली पेसेंजर,जगदलपुर से राउरकेला, जगदलपुर से भुवनेश्वर और किरन्दुल से विशाखापटनम नाईट एक्सप्रेस के पहिये थमे है।

**जोरशोर से चल रहा सुधार कार्यः** ओडिशा के कोरापुट जिले के पास मल्लीगुड़ा और जरटी स्टेशनों के मध्य हुए भूस्खलन ने किरंदुल-विशाखापत्तनम रेल लाइन याने केके लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही पिछले तीन दिनों से ठप है। बुधवार से ही जगदलपुर से चलने वाली यात्री और मालगाड़ियां प्लेटफॉर्म पर ही खड़ी हैं। भूस्खलन की वजह से पटरी पर पड़े मलबे को हटाने के लिए रेलवे करीब 300 श्रमिकों और 13 आधुनिक मशीनों की मदद से भारी बारिश के बीच सुधार कार्य किया जा रहा है।

**डीआरएम घटनास्थल पहुंचेः** बुधवार से ही पिछले 3 दिनों से रायगड़ा मंडल के डीआरएम अमिताभ सिंघल मौके पर निगरानी कर रहे हैं। जबकि विशाखपटनम के डीआरएम ललित बोहरा भी आज तीसरे दिन मौके पर पहुंचे। तीन दिन से जारी इस अभियान में बारिश के कारण दिक्कतें आ रही हैं, जिससे काम की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। शुक्रवार पूर्वान्ह 11 बजे के बाद बारिश थमने से आज काम मे तेजी आई है।

**पहाड़ का बड़ा हिस्सा मलबाः** बनकर ट्रैक पर गिरा बताया गया है कि पहाड़ी से बड़ा हिस्सा मलबा के रूप मे सीधे ट्रैक पर आ गिरा है,जिससे पटरी पूरी तरह जाम हो गई। सुरक्षा को देखते हुए रेलवे ने एहतियातन जगदलपुर और किरन्दुल से चलने वाली यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियां को रद्द कर दिया है। साथ ही जगदलपुर से पुरी जाने वाली रथयात्रा स्पेशल ट्रेन को अब कोरापुट से रवाना किया गया।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने कहा है कि स्थिति की नियमित निगरानी हो रही है,लेकिन सेवा कब तक शुरू होगी इसका स्पष्ट अनुमान अभी नहीं दिया गया है।

### तस्करों से 13 किलो पेंगोलिन...

क्षेत्रों से उक्त पकड़े गए स्केल्स को एकत्रित कर जगदलपुर में बेचने के फिराक में लाया गया था, उसको बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे थे। आरोपियों द्वारा पूछताछ में वन अधिकारियों के समक्ष कई महत्वपूर्ण खुलासे किए है, जिसमें अन्तर्राज्यीय नेटवर्क की जानकारी विभाग को मिली है, जिसे धवस्त करने हेतु आगामी कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों द्वारा अपना अपराध कबुल करने के उपरान्त उनके विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 (यया संशोधित 2022) के सुसगंत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

टीम में शामिल रहे अधिकारी, कर्मी

कार्यवाही में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता से संदीप सिंग सहायक वन संरक्षक, राजेन्द्र निराला वनरक्षक, गजेन्द्र पटेल वनरक्षक, तथा बस्तर वनमण्डल से योगेश कुमार रात्रे (सहायक वन संरक्षक) उप वन मण्डलाधिकारी चित्रकोट, देवेन्द्र सिंह वर्मा वन परिक्षेत्र अधिकारी, सौरभ रजक परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक रवीन्द्र धीरही, श्रीमती हेमलता देव, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सुश्री सृष्टि ठाकुर, अक्षय कश्यप, विवेक जायसवाल, सुमित साहा, डॉ. प्रीतेश पाण्डे, स्थानीय परिक्षेत्र जगदलपुर के स्टॉफ ललनजी तिवारी डिप्टी रेंजर, श्रीधर स्नेही, कमल ठाकुर, उमरदेव कोर्राम, कु. कविता ठाकुर, रामसिंह बघेल, कृष्णा दुबे, सत्यजीत भट्ट, रणवीर सिंग नायक एवं सलिकराम चौकीदार के साथ महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मंदिर में हुआ पंच कुण्डीय...

3 बजे चंडी पाठ कर शाम 5 बजे से यज्ञ, आहुति, माता की आरती कर प्रसाद वितरण कर अंतिम दिन भंडारा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में मोहल्ले वासियों के अलावा पूरे नगर से श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पूरे अनुष्ठान को यज्ञ वैदिक आचार्य पंडित हेमंत शर्मा, पंडित उत्तम शर्मा और असम से आमंत्रित 11 पंडित दयाराम कटेल, अनुप शर्मा, गोविन्द घिमिरे, हरि घिमिरे, घनश्याम घिमिरे, हरेकृष्ण शर्मा, लखन एम. दास, जय प्रकाश, हिरथ शर्मा, प्रियवर शर्मा द्वारा विधि विधान से संपन्न हुआ।

### सड़क हादसे में घायल युवती की...

टक्कर मारा गया था। इस हादसे में दोनों बाईक में सवार चार लोग घायल हो गए थे। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान देर शाम घायल युवती प्रियंका सोढ़ी 22 वर्ष निवासी पण्डरीपानी की मौत हो गई वहीं अन्य घायलों का उपचार मेकाज में जारी है।

परपा टीआई तारिक हरीश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार दोपहर को थाना क्षेत्र के महिंद्रा शोरूम के आगे एक तेज रफ्तार कार चालक ने दो बाइक को टक्कर मार दी थी जिसमें युवती समेत चार लोग घायल हो गए थे। उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई वहीं अन्य घायलों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। शुक्रवार की सुबह युवती के शव का पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं युवती की मौत की खबर लगते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 2021 बैच के फाइनल ईयर का छात्र भोजराम साहू अपनी कार से डिमरापाल से होते हुए जगदलपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान उसने दो बाईक को टक्कर मार दी थी। मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर अग्रीम कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ सुपरवाइजर व बूथ लेबल अधिकारियों का ब्लॉकवार प्रशिक्षण



**सुकमा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की प्रारम्भिक तैयारी के तहत बीएलओ सुपरवाइजर एवं बूथ लेबल अधिकारियों का ब्लॉकवार 3 दिवसीय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी(रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शबाब खान की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर रुपेश समरथ एवं सौरभ उप्पल के द्वारा दिया गया, जिसमें शबाब खान द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र बूथ लेबल अधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजर की जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। उसके बाद द्वितीय सत्र में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं आवश्यक बिंदुओं पर रुपेश समरथ एवं बीएलओ ऐप एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में तकनीकी जानकारी सौरभ उप्पल द्वारा दी गई। इस प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ठाकुर, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीजापुर ने एनक्यूएएस प्रमाणन में हासिल किया 96.4 प्रतिशत अंक



**बीजापुर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार, ब्लॉक बीजापुर जिला बीजापुर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस प्रमाणन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो आयुष्मान भारत योजना के तहत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के मिशन को मजबूत करती है। एनक्यूएएस मूल्यांकन में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं, बुनियादी ढांचे, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्वच्छता, और रोगी देखभाल की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया गया।

## स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने निर्देशित किए

# 46 गांव को 2.57 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विजय शर्मा द्वारा जिले के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का बैठक लेकर समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत बीजापुर

■ सुदूर अंचल के गांवो में सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, पुलिया, शेड एवं नाली निर्माण से विकास को मिलेगी गति

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 2 करोड़ 57 लाख 69 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि जिले के चारों विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए भैरमगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए 90 लाख 30 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है। ग्राम तुमला में सामुदायिक भवन हेतु 6 लाख 50 हजार, पिनकोण्डा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, फुलादी, मिनगाचल, एवं पेदापाल में शेड निर्माण कार्य के लिए 6-6 लाख रूपए, छोटेगोंगला में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, तोयनार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, अम्बेली में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, पोन्दुम में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, मंगापेठा में शेड निर्माण के लिए 6 लाख, कोण्ड्रोजी में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, दरभा में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, चेरली में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, बेचापाल में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, केशकुतल में शेड निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत किया गया है। इसी तरह बीजापुर विकासखण्ड अंतर्गत 55 लाख 80 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से ग्राम बोरजे में शेड निर्माण के लिए 6 लाख, मेटापाल में शेड निर्माण के लिए 5 लाख, पिडिया में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, पदेड़ा में शेड निर्माण के लिए 7 लाख 50 हजार, तोड़का में पुलिया निर्माण कार्य के लिए 5 लाख एवं शेड निर्माण के लिए 2 लाख, पालनार में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, चिन्नाकवाली में शेड निर्माण के लिए 4 लाख एवं सीसी रोड के लिए 2 लाख 60 हजार, पुसनार में शेड निर्माण के लिए 5 लाख, एरमनार में पुलिया के लिए 5 लाख एवं शेड निर्माण के लिए 2 लाख हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

विकासखण्ड उसूर अंतर्गत 69 लाख 19 हजार रूपए की राशि स्पवीकृत की गई है। जिसमें से एंगपल्ली में पुलिया निर्माण के 6 लाख 50 हजार, सेमलडोडी में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, पेदागेल्लुर में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, हीरापुर में नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 91 हजार, लंकापल्ली में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, गलगम में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, तर्रेम में सोलर लाईट के लिए 3 लाख 4 हजार, कोरसागुड़ा, धरमारम, पामेड़, पुसगुड़ी में पुलिया निर्माण के लिए 19 लाख 50 हजार, पुसगुड़ी में सोलर लाईट के लिए 3 लाख 04 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। भोपालपटनम विकासखण्ड अंतर्गत 42 लाख 40 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से देपला, अटुकपल्ली एवं गोरला में सामुदायिक भवन के लिए 19 लाख 50 हजार, पेदलालम में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, वरदली में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, बारेगुड़ा में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार एवं दम्पाया में शेड निर्माण के लिए 6 लाख रूपए चारों ब्लॉक के लिए कुल 257 करोड़, 69 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

उप मुख्यमत्री ने उपस्थित जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत के सरपंचों से स्वीकृत निर्माण कार्यों का समीक्षा करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देशित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, सचिव पंचायत विभाग भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, वनमण्डलाधिकारी रामाकृष्णा रंगानाथा वाय सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पहले नक्सलियों ने दी प्रताड़ना अब सिस्टम कर रहा प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

### रिश्वत नहीं देने पर स्थानांतरण का आरोप





नक्सली हिंसा के शिकार परिवार से आने वाले एक कर्मचारी ने मंडल संयोजक एवं अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आलोक मिडियामी, जो प्रामि बालक छात्रावास कटेकल्याण में पदस्थ हैं ने जिला प्रेस को एक लिखित आवेदन सौंपकर बताया कि उन्हें मंडल संयोजक धीरज नाग द्वारा बार-बार परेशान किया जा रहा है और 30 हजार रुपये की रिश्वत न देने पर स्थानांतरण की धमकी दी गई है।

पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि उनके पिता जयसिंह मिडियामी की हत्या वर्ष 2007 में नक्सलियों द्वारा कर दी गई थी, जिसके बाद उन्हें नक्सली पीड़ित कोटे से नौकरी मिली। वे वर्ष 2015 से सेवा दे रहे हैं और वर्तमान में बालक छात्रावास कटेकल्याण में कार्यरत हैं। उनका आरोप है कि पिछले एक वर्ष से अधीक्षक धीरज नाग उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, उनकी मां 65 वर्ष की हैं, दो छोटे बच्चे हैं और परिवार की जिम्मेदारी उन पर है, फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धीरज नाग ने उन्हें हटाकर अपने परिवार व परिचितों को पद दिलाने के लिए षड्यंत्र किया। उनका कहना है कि स्थानांतरण आदेश भी गलत तरीके से तैयार किया गया है और विकास खंड गीदम में कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व माह का वेतन भी रोक दिया गया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय की ड्यूटी में होने के बावजूद छात्रावास में उपस्थिति प्रमाण पत्र न देने का झूठा आरोप लगाकर उनका वेतन रोका गया और छात्रावास अधीक्षक पद पर पुनः नियुक्त कर दिया गया, जबकि वह पद स्वामी आत्मानंद स्कूल को सौंपा गया था। पीड़ित कर्मचारी ने प्रशासन से मांग की है कि उनका स्थानांतरण रोका जाए और मंडल संयोजक व अधीक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

**मिलनी चाहिए प्राथमिकता**

*इस तरह का पत्र पहुंचा है, नक्सल पीड़ित और स्वास्थ्यगत समस्या है तो उन्हें प्राथमिकता स्थानांतरण में दी जायेगी। लेकिन पैसे लेने की शिकायत हम तक नहीं आई है।*

-राजू कुमार नाग,
सहायक आयुक्त दंतेवाड़ा

# बस्तर धाकड़ युवा संगठन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



दंतेवाड़ा के चितालुर में धाकड़ युवा संगठन के पदाधिकारियों ने नेशनल थाईबाक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीन खिलाड़ियों नुपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर को बधाई देने के लिए दौरा किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह ठाकुर, रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर, प्रेमसागर ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और मनोज कुमार ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

नुपुर ठाकुर और छाया नाग ने अपनी श्रेणी में स्वर्ण पदक जीते और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। नेहल ठाकुर ने भी अपनी श्रेणी में रजत पदक जीतकर जिला प्रदेश व धाकड़ समाज का नाम रोशन किया और अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया। धाकड़ युवा संगठन ने इन विजेताओं को सम्मानित करके खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया। संगठन का उद्देश्य धाकड़ समाज के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करना है। बस्तर धाकड़ युवा संगठन के पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए अपने प्रयासों के बारे में बताया। विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन हमेशा से ही खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं शिक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी समाज के युवाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा। रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर ने कहा कि विजेताओं को सम्मानित करना एक सराहनीय पहल है और इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। प्रेमसागर ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन का उद्देश्य धाकड़ समाज के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करना है। मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन की इस पहल से निश्चित रूप से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

नुपुर ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन द्वारा सम्मानित किया जाना एक बड़ा सम्मान है और इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। छाया नाग ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन की पहल से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। नेहल ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन का समर्थन और प्रोत्साहन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे वे अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में ब्लॉक छिंदगढ़ के ग्राम धोबनपाल में तिल की खरीफ फसल की तैयारी एवं कतारबद्ध बुआई विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को तिलहन उत्पादन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण में केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप एवं कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने किसानों को सफेद तिल की उन्नत किस्म उन्नत रामा की विशेषताओं एवं उत्पादन विधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बताया गया कि इस वर्ष जिले में कुल 198 हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन अग्रिम पंक्ति समूह प्रदर्शन किए जाने हैं। इसके लिए किसानों का चयन, खेत की तैयारी, बुआई का उपयुक्त समय, बीज की मात्रा, बीज उपचार, जैव एवं रासायनिक खाद का संतुलित उपयोग, साथ ही कीट एवं रोग नियंत्रण की समुचित जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कतारबद्ध बुआई की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि इससे फसल की देखरेख आसान होती है और उत्पादन में वृद्धि संभव है। किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी भी दी गई, जिससे श्रम एवं लागत की बचत करते हुए अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में कुल 32 किसान सहभागी बने। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र से परमेश सिंह शोरी भी उपस्थित रहे।

# कीचड़युक्त सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर ब्लॉक की मधोता पंचायत पटेलपारा मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। लगातार शिकायतों के बावजूद इस सड़क की सुध लेने कोई तैयार नहीं है। पूरे मार्ग पर कीचड़ व गंदगी का अंबार लगा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

■ सचिव-सरपंच की लापरवाही से ग्रामीणों की जिंदगी बनी मुसीबत

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव ललित बघेल और सरपंच की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी है।

ग्रामीणों ने बताया कि सचिव को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार वह टालमटोल करते रहे और सरपंच के पति से बात करने को कह देते हैं। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि सचिव ने आज तक खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा भी नहीं लिया।

ग्राम पंचायत मधोता के वरिष्ठ नागरिक अर्जुन भण्डारी ने इस समस्या पर जिला कलेक्टर से जनहित में तत्काल कार्यवाही और मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोग ही अपने कर्तव्यों से विमुख हैं, तो ऐसे में जनता किससे उम्मीद करे। इस समस्या ने न सिर्फ ग्रामीणों की दिनचर्या को प्रभावित किया है, बल्कि बारिश के समय इस रास्ते से पैदल चलना भी किसी जंग से कम नहीं। छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष कठिनाई हो रही है।

जनता की मांग है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कर मार्ग की मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।

# सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल ब्लॉक स्थित अस्पताल के सामने सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। यह कार्य क्षेत्रीय जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2.60 लाख की लागत से प्रारंभ किया जा रहा है। इस विकास कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। सड़क निर्माण से अस्पताल जाने वाले मरीजों, ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था में भी सुधार होगा। विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र के हर कोने में मूलभूत सुविधाएं पहुंचें और विकास की रोशनी हर घर तक पहुंचे। यह सड़क न केवल सुविधा का मार्ग है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कार्य के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

# लंबे समय बाद शमक विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती से विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर जिसे हम बस्तर विश्वविद्यालय के नाम से भी जानते हैं बस्तर विश्वविद्यालय सन 2008 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से अलग होकर अस्तित्व में आया। मात्र 10 विभाग और 65 टीचरों की अनुमति के साथ विश्वविद्यालय को शुरू किया गया।

इस क्रम में वर्ष 2010 में एंथ्रोपोलॉजी में तीन और फॉरेस्ट्री में तीन कुल 6 प्रोफेसर की भर्ती हुई थी। 59 पोस्ट की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 5 अक्टूबर 2023 से 15 जून 2025 तक संपन्न हुआ। 19 में टीचर प्रोफेसर विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए हैं। इस सत्र में कुल 19 सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है। शिक्षकों की नियुक्ति यूजीसी के मापदण्डों एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशन में किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा चयन समिति में राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात विषय विशेषज्ञों को बुलाया गया था जिन्होने उम्मीदवारों की योग्यता एवं कौशल का गहन साक्षात्कार करने के उपरान्त चयन के लिए अनुशंसित किया है। जिन पदों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं पाए गये उन पदों को रिक्त रखा गया है। अधिकांश उम्मीदवार ने बताया कि चयन समिति इतने कठिन प्रश्न पूछ रही थी कि ऐसा लग रहा था कि मैं बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय की चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार दे रहा हूँ। कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि आईआईटी की चयन समिति के समतुल्य चयन समिति शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय की थी।

यह बहुत ही गर्व की बात है कि बस्तर संभाग में उपलब्ध प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने सराहा है और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि पहली बार बस्तर संभाग के 7 आवेदकों का चयन विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों हेतु हुआ है जिसमें बस्तर संभाग की चार बेटियां भी शामिल हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती गई है एवं गुणवत्ता के आधार पर यूजीसी द्वारा निर्धारित मानदण्डों का पालन करते हुए प्रक्रिया के तहत समस्त नियुक्तियां हुई हैं। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में विगत 17 वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है जिसके फलस्वरूप शैक्षणिक कार्य अत्यन्त कठिनाई से पूर्ण हो पाता है जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो और कठिन थी। वर्तमान नियुक्तियों के बाद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि आएगी जो कि बस्तर संभाग के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# विधायक ने अतिसंवेदनशील हल्लूर गांव में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

विधायक विक्रम मंडावी गुरुवार को भैरमगढ़ ब्लॉक के अतिसंवेदनशील गांव हल्लूर पहुंचे। वे हल्लूर गांव नदी और नाले पार कर पैदल चलकर पहुंचे हैं। विधायक के हल्लूर गांव पहुंचने पर उत्साह और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। ग्रामीणों ने गर्मजोशी से क्षेत्रीय विधायक का स्वागत किया। विधायक ने ग्रामीणों के साथ नवनिर्मित स्कूल भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया और शाला प्रवेशोत्सव के रंगारंग आयोजन में ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल परिसर बच्चों की हंसी, अभिभावकों की उम्मीदों और ग्रामीणों के जोश से गूंज उठा, जिसने इस पल को अविस्मरणीय बना दिया। इस दौरान विधायक ने स्कूली बच्चों को कापी, किताब, पेन और स्कूल ड्रेस इत्यादि वितरित किया। वहीं दूसरी ओर विधायक ने ग्रामीणों को छाता भी वितरित किए हैं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा शिक्षा वह ज्योति है, जो हमारे बच्चों को सशक्त बनाकर समाज और देश को प्रगति के शिखर तक ले जाती है। यह स्कूल भवन हल्लूर के लिए गर्व का प्रतीक है और बच्चों के सपनों को उड़ान देने का एक मजबूत मंच है। साथ ही विधायक विक्रम मण्डवी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी अपने अपने बच्चों को आनिवार्य रूप से स्कूल भेजे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

**खबर संक्षेप**

## शिवालय परिसर में लगाए गए पौधे



**जगदलपुर।** राजेंद्र नगर वार्ड के गंगामुंडा के दक्षिणी छोर में निमार्णाधीन श्री गंगा कैलाश नाथ चतुर्मुख शिवालय में आज बस्तर जिला आंध्र समाज द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, सुरेश गुप्ता, पार्षद आशा साहू, शशिनाथ पाठक, माधवी मंडल, जयंत राव नायडू, यशवर्धन राव, सुब्बा राव, दिगंबर राव, गोपाल राव नायडू, नरसिंह राव, ए वीर राजू, एम कामेश, के कामेश्वर, एल बालाजी, एल शिवा प्रसाद, श्रीनिवास राव, बी गौतम राव, ईश्वर राव, ईश्वर शेट्टी, आर बसंत, बी भास्कर राव, शंकर राव, एल राज रत्नम, अर्जुन राव, आर बसंत, बी भास्कर राव, प्रतिक राव आदि उपस्थित रहे।

## गांव के बेहतर विकास से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा तैयार



**लोहंडीगुडा।** ग्राम पंचायत गढ़िया में आज युवा सरपंच भरत कश्यप की उपस्थिति में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुआ। जिसमे अनेक विषयों पर चर्चा के साथ उस पर निर्णय लिया गया। सरपंच ने कहा गांव के बेहतर विकास और इससे जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा तैयार किया गया। इस दौरान उपसरपंच संतू कश्यप, सचिव डमरू नेताम, पूर्व जनपद सदस्य बोंजा राम, रामसिंह कश्यप, निरंजन बघेल, तुलसी मण्डावी, सुदरू सेठिया, मानकू राम, दशरथ, लखेश्वर, ठिबू, कुपी, झूल, आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त के निर्देश के 6 माह बाद भी पूरा नहीं हो सका आवापल्ली जीएडी आवास भवन

**जुलाई तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया तो ठेकेदार के विरुद्ध होगी कार्वाई**

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपट्टनम एवं ऊसूर (आवापल्ली) में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनमानी किया था। यहां तक टेंडर समाप्त होने और भुगतान होने के बाद भी निर्माण कार्य बंद होना था, जिससे जनवरी माह में हाऊसिंग बोर्ड रायपुर के आयुक्त ने मार्च तक पूरा करने का निर्देश दिया था। आयुक्त के लगभग 6 माह बाद भी ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया। इस पर 2 जुलाई को अपर आयुक्त एचके वर्मा ने उपायुक्त जीपी प्रजापति एवं कार्यपालन अभियंता पंकज मिश्रा के साथ ऊसूर (आवापल्ली) में सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जहां ठेकेदार ने निर्माण कार्य पूरा नहीं किया, जिससे अपर आयुक्त ने नाराजगी दिखाई। उन्होंने ठेकेदार एवं ईई को कहा कि 31 जुलाई तक निर्माण कार्य पूरा करें अन्यथा ठेकेदार के विरुद्ध कार्वाई की जाएगी।

अपर आयुक्त ने कहा कि इस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा जाएगा। बोर्ड की ओर से तीन संभाग में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर, समय में कार्य पूरा करने का निर्देश ठेकेदारों को दिया।

- अपर आयुक्त, उपायुक्त व ईई ने निरीक्षण में ठेकेदार के कार्यों से दिखाई नाराजगी



### ठेकेदार को लगाई फटकार

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर ठेकेदार को फटकार लगाया। उन्होंने कार्यपालन अभियंता को कहा कि निर्माण कार्यों में मनमानी नहीं करें, साथ ही कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं करेंगे।

## 1006.12 लाख से 3.35 किलोमीटर सड़कों का होगा चौड़ीकरण

# हर रास्ता अब विकास की ओर, जगदलपुर को मिलेगा नया रूप : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में शहर के विकास को नई दिशा देने विकास की बड़ी योजना की शुरूआत होने जा रही है। आज सुबह अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डो का महापौर ने आकस्मिक निरीक्षण किया। समुंद चौक से लालबाग तक पैदल भ्रमण कर शहर को सुंदर बनाने की योजना तय की गई। स्टेट बैंक चौक के पास, लालबाग आमागुड़ा, खड़कघाट के पास, पुराना पुल, लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास, समुन्द चौक, रोटरी क्लब के पास, सर्किट हाउस रोड, लालबाग नक्षत्र वाटिका, गायत्री नगर सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि शहर के विभिन्न स्थलों का चौड़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। जहां पोल नहीं लगा है वहां लगाया जाएगा। कुछ स्थानों पर डिवाइडर बनाया जाएगा। चौक, चौराओं का कायाकल्प होगा। वहीं कुछ स्थानों पर पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

- नाली निर्माण व एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग का होगा काम

शहर के चार प्रमुख मार्गों पर 3.35 किलोमीटर लंबाई में 1006.12 लाख की लागत से सड़क चौड़ीकरण, डामरीकरण, आरसीसी नाली निर्माण एवं एलईडी स्ट्रीट लाइट का कार्य प्रस्तावित है, जिसके क्रियान्वयन से शहर के यातायात, जल निकासी और रात्रिकालीन सुरक्षा में सुधार होगा।

### मुक्तिधाम से समुंद चौक तक विकास कार्यों के लिए 213.10 लाख स्वीकृत

नगर निगम द्वारा 810 मीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण, डामरीकरण, आरसीसी नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट पोल लगाने हेतु 213.10 लाख की योजना बनाई गई है। यह मार्ग न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आवागमन की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। कार्य पूर्ण होने पर यह क्षेत्र और अधिक व्यवस्थित और आकर्षक रूप में परिवर्तित होगा।

### पंचपथ से गौरव पथ तक 550.67 लाख के कार्य

नगर निगम द्वारा 1690 मीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण, डामरीकरण, आरसीसी नाली निर्माण और एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह मार्ग शहर के मध्य से होकर गुजरने वाला एक प्रमुख ट्रांजिट कॉरिडोर है, जिससे हजारों नागरिकों का रोजाना आना-जाना होता है। कार्य पूर्ण होने पर यह क्षेत्र भीड़-भाड़ से मुक्त और सुचारु यातायात का उदाहरण बनेगा।



### गौरव पथ से आमागुड़ा चौक तक 241.65 लाख के होंगे काम

850 मीटर लंबी इस सड़क के उन्नयन के लिए 241.65 लाख की स्वीकृति दी गई है। यहां बिटुमिनस सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट पोल लगाए जाएंगे। यह मार्ग शहर के अत्यंत सक्रिय क्षेत्र को जोड़ता है और इसके सौंदर्यीकरण से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### महापौर ने जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार

महापौर ने शहर के जीर्णोद्धार कार्य को मूर्त रूप देने में सहयोग देने वाले शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कार्य हम सभी की साझा संकल्पशक्ति और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### महापौर का विजन बदलता बस्तर, बढ़ता जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने कहा है कि यह केवल सड़कों के निर्माण की योजना नहीं है, बल्कि शहर की पहचान और सुविधा दोनों को नई ऊंचाई देने का प्रयास है। हमारी प्राथमिकता है कि शहर की जनता को बेहतर, सुरक्षित और टिकाऊ अधोसंरचना मिले। ये सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और गति के साथ पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना नागरिकों के सहयोग, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और निगम अधिकारियों के सतत प्रयासों से साकार हो रही है। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी महीनों में शहर एक नया, आधुनिक स्वरूप लेगा। आने वाले समय में शहर के अन्य मार्गों को भी दुरुस्त और आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य होगा।

## सड़क से ही शुरू होता है विकास का सफर : शर्मा



**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने माओवाद प्रभावित क्षेत्र में नियद नेल्लानार योजना की कलेक्ट्रेट कार्यालय सुकमा में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही बुनियादी विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में चल रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास तभी संभव है जब यहां सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो। अच्छी सड़क से ही शासन की योजनाएं सुगमता से गांवों तक पहुंचाई जा सकती हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य विकास कार्यों में गति लाई जा सकती है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सड़क और पुल निर्माण प्राथमिकता में रखा जाए। इससे गांवों का संपर्क सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। उन्होंने संचार सुविधाओं में सुधार को बेहद जरूरी बताते हुए मोबाइल नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी से शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिक तक पहुंचाना आसान होगा। उन्होंने हर घर तक शुद्ध पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने और निमार्णाधीन और प्रस्तावित आवासों की स्थिति की जानकारी ली तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ तभी मिल सकता है जब उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज हों। इसके लिए विशेष शिविरों का आयोजन कर पात्र लोगों को दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए तालाबों के निर्माण और रखरखाव को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। इस दौरान सचिव पंचायत विभाग भीम सिंग, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन प्रसाद, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, डीएफओ अक्षय भोसले सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई 31 को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशों के बाद बस्तर वन मण्डल अंतर्गत डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देशन में लगातार अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत बस्तर वन मण्डल अंतर्गत आने वाले 9 परिक्षेत्रों में 9 ट्रेक्टर, नागर सहित जप्त कर राजसात की कार्यवाही की जा रही है तथा 31 व्यक्तियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। इसके अलावा वन सुरक्षा समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करवाकर भू-जल संरक्षण कार्य करवाए गए हैं। इसी कड़ी में वनों की सुरक्षा एवं अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से देश के अलग-अलग राज्यों से 18 माह का प्रशिक्षण पूर्ण कर 126 वन क्षेत्रपाल अपने मूल कैडर छत्तीसगढ़ वापस लौटे हैं। जिसमें से 9 प्रशिक्षु वन क्षेत्रपालों को विशेष तौर पर बस्तर वनमण्डल भेजा गया है, ताकि अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। प्रशिक्षु वन क्षेत्रपालों को बस्तर वन मण्डल अंतर्गत अलग-अलग रेंजों में संलग्न किया गया है, जो विवेक जयसवाल करपावण्ड रेंज, सृष्टी ठाकुर जगदलपुर रेंज, अक्षय कश्यप माचकोट रेंज, सुश्री नीतू ठाकुर चित्रकोट रेंज, श्रीमती ज्योत्सना पाण्डे बस्तर रेंज, सुश्री शीतल मरकाम दरभा रेंज, प्रीतेश पाण्डे भानपुरी रेंज, सुमीत शाह बकावण्ड रेंज, क्षितेश कुमार ठाकुर कोलेंग रेंज में संलग्न है।

- वन भूमि अतिक्रमण हटाने में सहयोग कर रहे 9 प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल

# खेती किसानी के लिए नही मिल रहे लेबर, ओडिशा से ला रहे वाहनों की हो रही धरपकड़



- धनपुंजी नाका में वाहनों से वसूला जा रहा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बस्तर में खेती किसानी का काम जोरों से चल रहा है। धान और मक्का बोआई के लिए गांव गांव में मजदूरो की कमी देखी जा रही है इसलिए किसान पड़ोसी प्रांत ओड़सिा से महिला श्रमिकों को लाकर खेतो में बोआई का काम कर रहे है। श्रमिको को लाने के लिए पीकअप वाहन का उपयोग किया जा रहा है। लाने और पहुंचाने में दोनो तरफ का पीकअप का भाड़ा और मजदूरो का मजदूरी किसान को देना पड़ रहा है। लेकिन ओड़सिा सीमा पर स्थित धनपुंजी में पीकअप वाहन को पकड़कर आरटीओ द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके चलते खेती किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र सेठिया ने बताया कि जुर्माना के डर से पीकअप चालक मजदूर नही ला पा रहे है। वहीं जुर्माने की राशि किसानो से मांगा जा रहा है जिसके चलते खेती किसानी का काम नही हो पा रहा है। बस्तर के पूरे क्षेत्र में बड़े और मध्यम किसानो के साथ साथ छोटे किसान भी ओड़सिा से मजदूर बुलाकर खेती किसानी का काम कर रहे है। उन्होंने जिला प्रशासन से खेती किसानी के महत्वपूर्ण काम को देखते हुए धनपुंजी नाका में ओड़सिा से मजदूर लेकर आने वाले वाहनो को राहत देने की मांग की है ताकि किसानो का काम जल्द पूरा हो सके।

# गुरुपूर्णिमा पर आंध्रप्रदेश के फूलों से सजाया जाएगा शिरडी सांई मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के धरमपुरा मार्ग स्थित शिरडी सांई मंदिर में 9 से 11 जुलाई तक मनाए जाने वाले गुरुपूर्णिमा की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस वर्ष होने वाली इस पूजा को लेकर साई समिति के सदस्यों ने मंदिर की आकर्षक सज्जा के लिए आंध्रप्रदेश के फूल और कारीगरों को बुलाया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में मंदिर की सजावट के लिए कारीगर पहुंचे हैं, जो मंदिर के बाहर से लेकर अंदर की सजावट आर्टिफिशियल और नेचुरल फूलों से करेंगे। मंदिर को सजाने के लिए आकर्षक फूल मंगाए जा रहे हैं। सांई सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि 9 जुलाई को पालकी यात्रा निकाली जाएगी, 10 जुलाई को महाभंडारा किया जाएगा, इसके अलावा 11 जुलाई को होने वाली पुष्प अर्चना के लिए गुलाब के फूल मंगाए गए हैं। इस पर्व का समापन सत्यनारायण की कथा के बाद होगा।

- 9 को पालकी यात्रा, 10 को होगा महाभंडारा व 11 जुलाई को पुष्प अर्चना
- पंडित बिना माचिस के पत्थर घर्षण से चिंगारी से दीप प्रज्वलित करेंगे यज्ञ की अग्नि



### श्रद्धालुओं को दिया जाएगा एक-एक पौधा

गुरू पूर्णिमा पर्व पर इस साल समिति ने हर श्रद्धालु को प्रगति प्रसाद के रूप में एक पौधा देने की योजना बनाई है। इन पौधों में फलदार से लेकर फूल वाले पौधे शामिल होंगे। श्रद्धालुओं से इन पौधों को उनके घर में लगाने के लिए कहा जाएगा।

### नागपुर के पंडित करवाएंगे पूजा व यज्ञ

गुरू पूर्णिमा के मौके पर पूजा पाठ को संपन्न कराने के लिए सांई समिति ने महाराष्ट्र के नागपुर से 5 पंडितों को बुलाया है। ये पंडित माचिस का उपयोग किए बिना सालों से चली आ रही परंपरा के अनुसार पत्थर के घर्षण से उत्पन्न चिंगारी से दीप प्रज्वलित कर यज्ञ की अग्नि प्रज्वलित करेंगे। सदस्यों ने बताया कि इससे पहले 9 जुलाई को पालकी यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम को 4 बजे से शुरू होगी जो शहर के सांई मंदिर से निकलर अग्रसेन चौक, दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार चौक, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक से होते हुए अग्रसेन चौक पहुंचेगी, इस यात्रा का समापन मंदिर में पहुंचेगी।

# ग्राम तिरिया में 1550 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्र कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

ग्राम तिरिया में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के तहत कचरा एकत्र किया गया। गांव के विभिन्न हिस्सों और प्राकृतिक पर्यटन स्थल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 1550 किलोग्राम प्लास्टिक, कांच और अन्य कचरा एकत्र किया गया।

ग्राम सभा एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इस अभियान का उद्देश्य सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि ग्रामवासियों एवं पर्यटकों को पर्यावरणीय जिम्मेदारी और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली की ओर प्रेरित करना भी था। यह अभियान ग्राम सभा तिरिया के नेतृत्व में गांव के तीन प्रमुख पारा खास पारा, डोगरी पारा और नाका पारा में चलाया गया। अभियान में ग्रामीण नागरिक, महिलाएं, युवा और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। स्वच्छता कार्य के दौरान गलियों, पगडंडियों, नदी किनारे और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। बोरे, मच्छरदानी, बांस की टोकरियों के माध्यम से प्लास्टिक बोतल, कांच की बोतलें, थैलियां और अन्य अपशिष्ट सामग्री को संग्रहित किया गया। केवल एक दिन में ही लगभग 220 किलो बोतल और कांच एकत्र किया गया।



ग्राम सभा तिरिया द्वारा पर्यटन स्थल का संचालन विगत वर्षों से किया जा रहा है। पर्यटन स्थल में बांस से निर्मित डस्टबिन, चेतावनी बोर्ड, एवं निगरानी की व्यवस्थाएं पहले से ही स्थापित हैं। पर्यटकों से बारंबार यह आग्रह किया जाता है कि वे कचरे को खुले में न फेंकें डस्टबिन का उपयोग करें। ग्राम सभा एवं समिति के सदस्य समय-समय पर इस स्थल का निरीक्षण कर पर्यावरणीय अनुशासन बनाए रखने का कार्य करते हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव भी देखा गया है । पर्यटक अब अधिक जिम्मेदारी से व्यवहार करने लगे हैं। स्वच्छता अभियान के दौरान विगत वर्षों से एकत्र पुराना एवं जमा हुआ कचरा भी उठाया गया। तीनों पारा और पर्यटन स्थल से 1550 किलोग्राम प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्र की गई। इस कचरे के वैज्ञानिक निपटान एवं पुनर्चक्रण हेतु ग्राम सभा के प्रतिनिधियों ने स्वच्छ भारत मिशन विभाग, जिला प्रशासन, एवं ग्राम पंचायत बुरुंदवाडा सेमरा में स्थित (मटेरियल रिकवरी सेंटर) एवं (मटेरियल रीसायकल फैक्ट्री) से समन्वय स्थापित किया। प्रशासन द्वारा विशेष वाहन भेजा गया, जिसमें 1230 किलो कचरा लोड कर प्लांट तक पहुंचाया गया। वाहन की क्षमता सीमित होने के कारण शेष 320 किलो कचरा ग्राम में सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया है, जिसे आगामी चरण में पुनः भेजा जाएगा।

### बच्चों की सक्रिय भागीदारी

इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय विशेषता रही गांव के बच्चों की सक्रिय भागीदारी। उन्होंने सिर्फ सफाई कार्य में योगदान नहीं दिया, बल्कि प्लास्टिक हटाओ प्रकृति बचाओ, स्वच्छ गांव स्वस्थ जीवन जैसे नारों के माध्यम से ग्रामवासियों और पर्यटकों को जागरूक भी किया। ग्राम सभा तिरिया का यह प्रयास वन अधिकारों की सीमाओं से आगे बढ़कर सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की ओर बढ़ते कदम को दशार्ता है। ग्राम सभा ने यह भी निर्णय लिया है कि अब हर महीने स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा संगम स्थल पर पर्यावरणीय नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

